हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
3 जुलाई 2023, बरेली

PAGE NO. 04 : MIDDLE

आज से छह दिवसीय स्वास्थ्य मेला

एसआरएमएस

बरेली। एसआरएमएस मेडिकल कालेज जुलाई में अपना 21वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर तीन जुलाई से छह दिवसीय विशेष स्वास्थ्य मेला आयोजित होगा। यह बात एसआरएमएस मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कही। उन्होंने कहा कि तीन जुलाई से 8 जुलाई तक संचालित यह स्वास्थ्य मेला इस बार विशेष रूप से बुजुर्गों को समर्पित है। स्वस्थ बुजुर्ग, स्वस्थ परिवार नाम से इस मेले में सुबह नौ बजे से दो बजे के बीच आने वाले सभी बुजुर्गों को निशुल्क रजिस्ट्रेशन के साथ परामर्श निशुल्क प्रदन किया जाएगा। सभी छह दिन बुजुर्गों को शुगर, हीमोग्लोबिन, क्रिटिनिन, ईसीजी, एक्स- रे (चेस्ट) व अन्य जांच होगी।